डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी का पुस्तक मेला पुस्तकायन

11 से 18 नवंबर 2022 तक नई दिल्ली में

30 से अधिक प्रकाशक ले रहे हैं भाग

माननीय संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार अर्जुन राम मेघवाल करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली, 8 नवंबर 2022। 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में साहित्य अकादेमी अपने परिसर में एक भव्य पुस्तक मेले का आयोजन 11 से 18 नवंबर 2022 तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से सायं 7 बजे तक करने जा रही है। इस पुस्तक मेले में साहित्य अकादेमी के अतिरिक्त 30 से अधिक अन्य महत्त्वपूर्ण प्रकाशक शामिल हो रहे हैं।

पुस्तक संस्कृति और बच्चों में पढ़ने की रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अकादेमी ने 'पुस्तकायन' शीर्षक से इस पुस्तक मेले का आयोजन किया है। इस बार के पुस्तक मेले की थीम 'बाल साहित्य' है।

पुस्तक मेले का उद्घाटन 11 नवंबर 2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे माननीय संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे और अकादेमी द्वारा प्रकाशित नई बाल पुस्तकों का लोकार्पण भी करेंगे। इस अवसर पर साहित्य अकादेमी के उपाध्यक्ष श्री माधव कौशिक भी मौजूद रहेंगे।

आठ दिनों तक चलने वाले इस पुस्तक मेले में विभिन्न भारतीय भाषाओं के 65 से ज़्यादा बाल लेखक शामिल हो रहे हैं। मेले में अकादेमी बच्चों के लिए कई रोचक, ज्ञानवर्धक एवं ''आज़ादी के रंग बाल कलाकारों के संग'' शीर्षक से उभरते हुए बाल कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र के सहयोग से करने जा रही है।

बच्चों के लिए कविता और कहानी लेखन कार्यशाला के अलावा कार्टून चित्रांकन कार्यशाला 13 नवंबर रविवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे से होंगी। कविता और कहानी लेखन कार्यशाला का संचालन दीपा अग्रवाल एवं श्याम सुशील करेंगे तथा इसी दिन, अपराह्न 2.00 बजे कार्टून चित्रांकन कार्यशाला का संचालन माधव जोशी एवं उदय शंकर करेंगे।

14 नवंबर 2022 को सायं 5.00 बजे बाल साहित्य पुरस्कार अर्पण समारोह 2022 का आयोजन त्रिवेणी कला संगम, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली में किया जाएगा।

इसके अलावा बच्चों के लिए और भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें विभिन्न भारतीय भाषाओं के बाल साहित्य पर चर्चा और रचनाओं का पाठ वरिष्ठ बाल साहित्यकारों द्वारा किया जाएगा। ये कार्यक्रम हैं – 'बाल साहित्य : कल, आज और कल', 'बाल साहित्य का वर्तमान परिदृश्य', 'बाल साहित्य के समक्ष चुनौतियाँ', 'बाल पत्रिकाओं का भविष्य' एवं 'बाल साहिती'।

11 नवंबर 2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित 'अपने प्रिय लेखक से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत बालस्वरूप राही उपस्थित होंगे। इसी दिन मध्याह्न 12.00 बजे आयोजित 'बाल साहित्य : कल, आज और कल' कार्यक्रम में प्रख्यात बाल साहित्यकार मधु पंत, देवेंद्र मेवाड़ी और रईस सिद्दीक़ी उपस्थित होंगे। 12 नवंबर 2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित 'बाल साहित्य का वर्तमान परिदृश्य' कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात बाल साहित्यकार दिविक रमेश करेंगे और चर्चा तथा रचना–पाठ के लिए मृणाल चंद्र कलिता (असमिया), कुमुद भीकू नायक (कोंकणी), तरसेम (पंजाबी) एवं हाफ़िज़ कर्नाटकी (उर्दू) उपस्थित होंगे।

... 2/–

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in

15 नवंबर 2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित 'अपने प्रिय लेखक से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत क्षमा शर्मा उपस्थित होंगी। इसी दिन, मध्याह्न 12.00 बजे 'बाल साहित्य के समक्ष चुनौतियाँ'' कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात बाल साहित्यकार राजीव तांबे करेंगे तथा चर्चा एवं रचना–पाठ के लिए जया मित्र (बाङ्ला), वर्षा दास (गुजराती) तथा सम्पदानन्द मिश्र (संस्कृत) उपस्थित होंगे।

16 नवंबर 2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित 'अपने प्रिय लेखक से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत कमलजीत नीलों उपस्थित होंगे। इसी दिन, मध्याह्न 12.00 बजे 'बाल पत्रिकाओं का भविष्य' कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात बाल साहित्यकार कमलजीत नीलों करेंगे तथा चर्चा एवं रचना–पाठ के लिए रश्मि नार्ज़री (अंग्रेज़ी), भैरूंलाल गर्ग (हिंदी) एवं एस.आर. लाल (मलयाळम्) उपस्थित होंगे। 17 नवंबर 2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित 'अपने प्रिय लेखक से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत पारो आनंद उपस्थित होंगी। इसी दिन, मध्याह्न 12.00 बजे 'बाल साहित्य प्रकाशन के समक्ष चुनौतियाँ' कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात प्रकाशक प्रभात कुमार करेंगे तथा चर्चा एवं रचना–पाठ के लिए बलराम अग्रवाल, चंदना दत्ता, मंजुळुरि कृष्णा कुमारी, पंकज चतुर्वेदी एवं सुशील शुक्ल उपस्थित होंगे।

पुस्तक मेले के अंतिम दिन 18 नवंबर 2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित 'अपने प्रिय लेखक से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत असद रज़ा उपस्थित होंगे। इसी दिन, मध्याह्न 12.00 बजे 'बाल साहिती' कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात बाल साहित्यकार योगेन्द्रदत्त शर्मा करेंगे तथा रचना–पाठ के लिए दिशा ग्रोवर, घमंडी लाल अग्रवाल, ऋषि राज, सूर्यनाथ सिंह, वेदमित्र शुक्ल एवं वेलु सरवणन उपस्थित होंगे।

साहित्य अकादेमी द्वारा अकादेमी परिसर में पहली बार आयोजित किए जा रहे इस पुस्तक मेले में साहित्य अकादेमी के अतिरिक्त देश के अन्य महत्त्वपूर्ण प्रकाशकों की पुस्तकें विशेष छूट पर बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी।

के. श्रीनिवासराव